अमर उजाला 12/10/2025

# स्नेहा और दीपा ने बनाया सबसे सुंदर पोस्टर



जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर बनातीं छात्राएं। प्रवक्ता

**अंबाला।** वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग ने शनिवार को एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला में सुबह 11:30 बजे हुआ। छात्रों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और एकल-उपयोग प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। संयोजिका डॉ. शिखा जग्गी ने इस विषय पर प्रकाश डाला। प्रथम पुरस्कार स्नेहा और दीपा, द्वितीय पुरस्कार पायल और राजनंदिनी, तृतीय पुरस्कार लवली और खुशी और सांत्वना पुरस्कार नेहा और अर्चना को दिया गया। विजेताओं को जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बधाई दी। संवाद